(125)

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
मेरठ खण्ड गंगा नहर
मेरठ

पत्रांकः– /मेखगनमे/एन0ओ0सी0 दिनांक /05/2018

विषयः– जनपद मु0नगर में मु0नगर– जानसठ–मीरापुर मार्ग ग्राम कवाल के निकट ऊपरी गंगा नहर पर सेतु तथा पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण के सम्बन्ध में।

## अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम मण्डल सिंचाई कार्य, मेरठ।

कृपया उपरोक्त विषयक के कम में परियोजना प्रबन्धक उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 सेतु निर्माण इकाई मेरठ ने अपने पत्रांक 68/कवाल गंगा नहर/2018 दिनांक 10/04/2018 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा जनपद मु0नगर में मु0नगर–जानसठ–मीरापुर मार्ग ग्राम कवाल के निकट ऊपरी गंगा नहर पर सेतु तथा पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण की अनुमति की वांछना की गयी है। निर्माण कार्य की अनुमति निम्न शर्तो के साथ प्रदान करने की संस्तुति की जाती है :–

1– प्रस्तावित वी0आर0बी0 की ड्राइंग विभागीय मानकों के अनुरूप तैयार कर सक्षम अधिकारी द्वारा कार्य से पूर्व अनुमोदित करायी जाये।
2– निर्माण कार्य सिंचाई विभाग की देख–रेख में ही होगा।
3– कार्य प्रारम्भ कराने की तिथि से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता को अवगत कराना होगा।
4– निर्माण कार्य के दौरान नहर के अन्दर का मलवा हटाकर नहर के आन्तरिक एवं बाह्य भाग की पुर्नस्थापना करानी होगी।
5– कार्य के दौरान कोई ऐसा कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे नहर का आन्तरिक अनुभाग क्षतिग्रस्त हो तथा बहाव अवरूद्ध/परिर्वतित/प्रभावित होता हो।
6– वी0आर0बी के निर्माण की कार्यदायी संस्था का नाम एवं निर्माण का वर्ष Year Plate में इंगित करना होगा।
7– वी0आर0बी0 का स्वामित्व सिंचाई विभाग का रहेगा तथा भविष्य में वी0आर0बी0 का अनुरक्षण आपके विभाग को करना होगा। अन्यथा अनुरक्षण हेतु धनराशि इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।
8– निर्माण पर आने वाला व्यय सिंचाई विभाग वहन नहीं करेगा।
9– नहर पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण मान्य नही होगा।
10– उपरोक्त प्रतिबन्धों की पालना न करने की दशा में अनुमति स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी।

अनापत्ति जारी होने की तिथि से छः माह तक ही मान्य रहेगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**मेरठ खण्ड गंगा नहर, मेरठ**

पत्रांक 1744/मेखगनमे /तदिनांक 05/05/2018

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– परियोजना प्रबन्धक उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 सेतु निर्माण इकाई मेरठ को उनके पत्रांक 68/कवाल गंगा नहर/2018 दिनांक 10/04/2018 के संदर्भ में।
2– प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता प्रथम मेरठ खण्ड गंगा नहर मेरठ को उनके पत्रांक 229/स0अ0 प्रथम दिनांक 02/05/2018 के संदर्भ में।

**अधिशासी अभियन्ता**
**मेरठ खण्ड गंगा नहर, मेरठ**

SKA 12/05

21.05.18
(इन्द्र पाल सिंह)
परियोजना प्रबन्धक
सेतु निर्माण इकाई, सहारनपुर

D:\deepak\Deepak-2018-19.doc